Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

वर्ष- 28 ◻ अंक- 194 ◻ रायपुर, गुरुवार 7 अगस्त 2025 ◻ पृष्ठ-8 ◻ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

24 लाख के इनामी सहित 9 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

रायपुर, 7 अगस्त (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के विरुद्ध सुरक्षा बलों को एक और बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। बीजापुर जिले में 24 लाख के इनामी समेत कुल 9 नक्सलियों ने आज आत्मसमर्पण किया है, वहीं एक अन्य घटनाक्रम में एक नक्सली मुठभेड़ के दौरान न्यूट्रलाइज़ किया गया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि यह बदलते बस्तर की तस्वीर है जहाँ बंदूकें झुक रही हैं और विकास की आवाज़ बुलंद हो रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सफलता सुरक्षाबलों के अदम्य साहस और भारत के इतिहास में सबसे लंबे समय तक केंद्रीय गृह मंत्री के पद पर सेवा देने वाले अमित शाह के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन का प्रतिफल है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि केंद्रीय मंत्री अमित शाह का कार्यकाल भारत की आंतरिक सुरक्षा का वह युग है जिसने असंभव को संभव बना दिया है। अनुच्छेद 370 की ऐतिहासिक समाप्ति हो या नक्सलवाद एवं आतंकवाद पर कठोर प्रहार का निर्णय ङ्क उन्होंने सदैव भारत को एक सुरक्षित, सशक्त और आत्मविश्वासी राष्ट्र के रूप में आगे बढ़ाया है। छत्तीसगढ़ में दिसंबर 2023 से अब तक लगभग 450 माओवादी न्यूट्रलाइज़ किए जा चुके हैं, 1579 माओवादी गिरफ्तार हुए हैं, और लगभग 1589 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। यह आँकड़े इस बात का प्रमाण हैं कि नक्सलवाद अब अपने अंतिम चरण में पहुँच चुका है।

मुख्यमंत्री ने कहा- नक्सलवाद अब अंतिम साँसें गिन रहा है 31 मार्च 2026 तक पूर्ण समाप्ति के लिए प्रतिबद्ध है राज्य सरकार

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि छत्तीसगढ़ सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मंशा के अनुरूप 31 मार्च 2026 तक राज्य से नक्सलवाद को पूरी तरह समाप्त करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों के पुनर्वास की प्रक्रिया को तेज़ी से लागू करने और उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश भी दिए हैं।मुख्यमंत्री साय ने इस सफलता के लिए सुरक्षाबलों, खुफिया एजेंसियों और प्रशासनिक अमले को बधाई दी है और कहा है कि बस्तर अब अंधेरे से उजाले की ओर बढ़ चुका है। विकास ही अब उसकी पहचान बनेगा।

सीआरपीएफ जवानों से भरी बस 200 फीट गहरी खाई में गिरी, 3 शहीद, कई घायल

नई दिल्ली, 7 अगस्त (न्यूज चैनल)। जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में बड़ा हादसा हुआ है। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) से भरी बस खाई में गिर गई। हादसे में तीन जवान बलिदान हो गए हैं। कई जवान घायल हो गए। घायल जवानों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। राहत एवं बचाव कार्य जारी है।

जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में बड़ा हादसा

जानकारी के अनुसर, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की 187वीं बटालियन की बस उधमपुर जिले में कदवा से बसंत गढ़ जाते समय करीब 200 फीट गहरी खाई में गिर गई। हादसे में तीन जवान बलिदान हो गए। जबकि 15 जवान घायल हो गए। बस में 18 जवान सवार थे, आज सुबह लगभग 10.30 बजे यह हादसा हुआ। बस जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में कदवा से बसंत गढ़ जा रही थी। इसी दौरान दुर्घटनाग्रस्त होकर खाई में गिर गई। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने ट्वीट किया कि उधमपुर में कंदवा-बसंतगढ़ क्षेत्र में सीआरपीएफ का एक वाहन दुर्घटना का शिकार हो गया। इस हादसे में कुछ जवानों के बलिदान की खबर सुनकर व्यथित हूं। वाहन में सीआरपीएफ के कई बहादुर जवान सवार थे। मैंने अभी-अभी डीसी सलोनी राय से बात की है, जो व्यक्तिगत रूप से स्थिति पर नजर रख रही हैं और मुझे जानकारी दे रही हैं। बचाव कार्य तुरंत शुरू कर दिए गए हैं। स्थानीय लोग स्वेच्छा से सहायता के लिए आगे आए हैं। हर संभव मदद सुनिश्चित की जा रही है।

ब्रेकिंग न्यूज

गढ़चिरौली में भीषण हादसा, 4 नाबालिगों की मौत और दो घायल

नई दिल्ली, 7 अगस्त (न्यूज चैनल)। महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसे में चार नाबालिग बच्चों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटना तब हुई जब बच्चे सड़क पार कर रहे थे और तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें कुचल दिया। फिलहाल हादसे के बाद पूरे इलाके में शोक का माहौल है। पुलिस के मुताबिक, हादसा दोपहर को कुरखेड़ इलाके में हुआ। स्थानीय लोगों ने तुरंत बच्चों को अस्पताल पहुंचाया, लेकिन चार को बचाया नहीं जा सका। घायल बच्चों का इलाज जारी है। पुलिस ने ट्रक जब्त कर चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है और जांच शुरू कर दी है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस दर्दनाक घटना पर गहरा दुख जताया और पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह बेहद दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण हादसा है। हम शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। हादसे में घायल दो नाबालिगों का इलाज गड़चिरौली के सामान्य अस्पताल में चल रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें नागपुर एयरलिफ्ट करने के लिए हेलीकॉप्टर की व्यवस्था की गई है। राज्य सरकार ने घोषणा की है कि मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी और घायलों के इलाज का पूरा खर्च सरकार उठाएगी।

राजस्थान और मप्र में भूकंप के झटके, प्रतापगढ़ बना केंद्र, तीव्रता 3.9; मंदसौर तक धरती हिली

नई दिल्ली, 7 अगस्त (न्यूज चैनल)। राजस्थान के प्रतापगढ़ और नजदीकी मंदसौर (मध्यप्रदेश) जिले में गुरुवार सुबह 10.07 बजे भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3.9 मापी गई, जबकि भूकंप का केंद्र प्रतापगढ़ में जमीन से 10 किलोमीटर की गहराई में था। हल्की तीव्रता के बावजूद झटकों से लोगों में दहशत फैल गई और वे घरों, दुकानों और दफ्तरों से बाहर निकलकर खुले स्थानों की ओर दौड़ पड़े। प्रतापगढ़ के उंडा खोरा क्षेत्र स्थित एक सरकारी स्कूल में जैसे ही कंपन महसूस हुआ, शिक्षक तुरंत सतर्क हो गए और छात्रों को सुरक्षित मैदान की ओर ले गए। इसी तरह धमोत्तर क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों में भी कंपन रिकॉर्ड हुए। शहर के श्रीराम मार्केट, अकबरी मार्केट, गांधी चौराहा, बस स्टेशन, तलाक खेड़ा और शुभम कलेक्शन समेत कई इलाकों में झटके महसूस किए गए। आसपास की कॉलोनियों जैसे नई आबादी, सदर बाजार, वाटर वर्क्स, बड़ा बाग, मानपुर और हीरा कॉलोनी के लोगों ने भी कंपन की सूचना दी। भूकंप का असर सीमावर्ती मध्यप्रदेश तक भी देखने को मिला।

बिरादरी की बात

चूहा- सुनती हो, डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर अब 50 फीसदी टैरिफ ठोंक दिया। चुहिया- हां जी, रसिया से तेल लेने के कारण भारत का तेल निकाल दिया।

हिट एंड रन मामला : वाहन की टक्कर से हिरण की मौत, 6 आरोपी गिरफ्तार

गरियाबंद, 7 अगस्त (हाईवे चैनल)। उदंती सीता नदी अभ्यारण्य में हिट एंड रन के मामले में वन अमले ने बड़ी कार्रवाई करते हुए हिरण शिकार के 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 26.65 किलोकच्चा चीतल (हिरण) का मांस, कुल्हाड़ी, हंसिया, चाकू एवं अन्य काटने के औजार जब्त किए गए हैं। हिरण को टक्कर मारने वाले वाहन चालक फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है।

उदंती सीतानदी अभ्यारण्य के उपनिदेशक वरुण जैन ने बताया कि वन विभाग को गोपनीय सूचना मिली थी कि कोयबा-इंदागांव के बीच मुख्य मार्ग पर एक अज्ञात वाहन ने एक मादा चीतल को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। जांच में वन अमले को मृत चीतल का खून दुर्घटनास्थल पर मिला। आगे खोजबीन में पास की झोपड़ी में काटने के साक्ष्य और कपड़े में बंधा हुआ कच्चा मांस बरामद हुआ। जांच में पता चला कि ग्राम कोयबा के 6 ग्रामीण मृत चीतल को उठाकर झोपड़ी में लाए और सब्जी बनाने के उद्देश्य से उसे काटकर 6 हिस्सों में बांटकर अपने-अपने खेत और टीकरा में छिपा दिया। वन विभाग ने आरोपी जीवन लाल मांझी से पूछताछ कर अन्य 5 आरोपियों की पहचान की। गिरफ्तार आरोपियों में जीवन लाल व. देवसिंह मांझी (37 वर्ष), रुपधर व. चैनसिंह (35 वर्ष), दीपचंद व. रामप्रसाद यादव (41 वर्ष), बिहारीलाल व. रामजी ध्रुव (48 वर्ष), खगेश्वर व. दुर्बल सोरी (50 वर्ष), नाथुराम व. बैदराम मरकाम (72 वर्ष) शामिल हैं. सभी ग्राम कोयबा, थाना इंदागांव, जिला गरियाबंद के निवासी हैं.

भयानक हेलीकॉप्टर क्रैश- घाना के रक्षा और पर्यावरण मंत्री सहित 8 लोगों की दर्दनाक मौत

नई दिल्ली, 7 अगस्त (न्यूज चैनल)। घाना में एक भयानक हेलीकॉप्टर दुर्घटना ने देश को झकझोर कर रख दिया है। इस हादसे में घाना के रक्षा मंत्री एडवर्ड ओमाने बोआमा और पर्यावरण मंत्री इब्राहिम मुरताला मुहम्मद सहित कुल 8 लोगों की मौत हो गई। ये सभी मंत्री और अन्य सदस्य एक पर्यावरण कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए अक्रा से ओबुआसी जा रहे थे, लेकिन बीच रास्ते में उनका हेलीकॉप्टर अचानक संपर्क टूटने के बाद घने जंगल में क्रैश हो गया।

राष्ट्रपति जॉन महामा के प्रमुख सचिव जूलियस डेब्राह ने इस दुर्घटना की पुष्टि की और इसे देश के लिए एक अपूरणीय क्षति बताया। उन्होंने कहा कि रक्षामंत्री, पर्यावरण मंत्री, सत्ताधारी दल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और चालक दल के सदस्य इस हादसे में जान गंवा चुके हैं। सरकार ने पूरे देश में शोक व्यक्त करते हुए अगले आदेश तक राष्ट्रीय झंडा आधा झुकाने के निर्देश जारी किए हैं। हेलीकॉप्टर क्रैश की घटना उस वक्त हुई जब मंत्री अपने पर्यावरण से जुड़े कार्यक्रम में भाग लेने जा रहे थे। अचानक रडार से संपर्क टूटने के बाद विमान घने जंगल में गिर गया। दुर्घटना की जानकारी मिलने पर तुरंत बचाव और जांच शुरू कर दी गई है।

जमानत पर रिहा होते ही आदतन अपराधी ने निकाला जुलूस

रायगढ़, 7 अगस्त (हाईवे चैनल)। रायगढ़ में एक अपराधी को जमानत मिलने के अगले दिन फिर से जेल हो गई. कोतवाली क्षेत्र के आदतन अपराधी दुर्गेश महंत ने जमानत पर रिहा होते ही जुलूस निकाल दिया. जुलूस का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद रायगढ़ पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे दोबारा जेल भेज दिया है. 21 वर्षीय दुर्गेश महंत, पिता चतुरदास महंत, निवासी कोतरा रोड, लगभग तीन महीने पहले थाना जूटमिल क्षेत्र में दर्ज मारपीट के एक मामले में जेल में बंद था. हाल ही में उसे जमानत पर रिहा किया गया. रिहाई के बाद उसने अपने साथियों के साथ शहर में खुलेआम जुलूस निकाला, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया. वीडियो सामने आने के बाद पीड़ित परिवार और आम नागरिकों में आक्रोश फैल गया. मामला जब वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के संज्ञान में आया, तो कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक सुखनंदन पटेल को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए. साइबर सेल और थाना स्टाफ की मदद से आरोपी दुर्गेश को गिरफ्तार कर थाने लाया गया. पूछताछ में उसने जुलूस निकालने की बात स्वीकार की.

नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत वैश्विक विधायी सम्मेलन में हिस्सा लेने अमेरिका बोस्टन पहुंचे

रायपुर, 7 अगस्त (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत वैश्विक विधायी सम्मेलन में हिस्सा लेंगे साथ ही विधायक अनिला भेड़िया व संदीप साहू सहित 24 राज्य के विधायक पहुँचे विधायकों ने हावर्ड यूनिवर्सिटी का अवलोकन किया। यूनाइटेड स्टेट ऑफ अमेरिका के बॉस्टन शहर में वैश्विक विधायी सम्मेलन का आयोजन 4 से 6 अगस्त तक किया जा रहा है। नेशनल कांफ्रेंस ऑफ स्टेट लेजिस्लेटिव इसका आयोजन कर रहा है। छत्तीसगढ़ विधानसभा के सदस्य और नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत इस सम्मेलन में हिस्सा लेने बॉस्टन पहुंच गए है। बताया गया कि 24 राज्यों के 21 राजनैतिक दलों से संबंधित 130 विधायक इसमें शामिल हो रहे हैं। इस संख्या में एमएलसी को भी नामित किया गया है।

एनसीएसएल का काम वैश्विक स्तर पर विधायकों के सहयोग को बढ़ाने के लिए पहल करने का है। इसमें भारत के विभिन्न क्षेत्रों के विधायकों की भागीदारी मौजूदा सम्मेलन में हो रही है। छत्तीसगढ़ से डॉ. चरणदास महंत के साथ पूर्व मंत्री व विधायक अनिला भेडिया व विधायक संदीप साहू सहभागी बने है। उन्होंने इसे वैश्विक सुशासन की अच्छी परंपरा से सीखने और जनता की सेवा में लगाने का उदाहरण बताया। खबर के अनुसार विधायकों का समूह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजिटल डेमोक्रेसी, साइबर सिक्युरिटी, वोटर कॉफिडेंस और पॉलिसी इनोवेशन जैसे विषयों पर चर्चा में हिस्सा लेगा। अमेरिकी विधायी प्रणाली के बारे में जानकारी और अमेरिका में भारतीय मूल के नेताओं के साथ बातचीत भी इसका एक हिस्सा है। नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत ने बताया कि, अमेरिका के बॉस्टन मसकट में यह आयोजन हो रहा है। प्रथम दिवस कांफ्रेंस के संयोजक और एनसीएसएल के संस्थापक डॉ. राहुल वी कराड ने अपनी बात रखी। एक सत्र के बाद सदस्यगण बॉस्टन कन्वेंशन एंड एक्जीबीसन सेंटर पहुंचे। यहां पर समिट का पंजीयन किया गया। इसके पश्चात साधारण सभा हुई और तत्पश्चात सदस्यों ने मसकट के स्टेट हाऊस का भ्रमण किया। बताया गया कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों के विधायकों ने हावर्ड यूनिवर्सिटी का अवलोकन किया। उन्होंने टीडी गार्डन में एक समारोह में हिस्सा लिया और न्यूटन स्थित अपने बेस कैम्प में उपस्थिति दर्ज कराई।

ट्रंप के टैरिफ अटैक पर भारत का मास्टर स्ट्रोक 20 हजार करोड़ का निर्यात मिशन तैयार

नई दिल्ली, 7 अगस्त (न्यूज चैनल)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारतीय सामानों पर 25 प्रतिशत टैक्स (टैरिफ) लगाने के बीच भारत सरकार ने निर्यात को बढ़ावा देने के लिए एक बड़ा प्लान तैयार किया है। यह योजना करीब ?20,000 करोड़ की होगी और इसे सितंबर 2025 से शुरू किया जाएगा। इस नई योजना का मुख्य मकसद भारतीय उत्पादों को दुनिया के बाजारों में पहचान दिलाना, निर्यात करने वाले छोटे कारोबारियों को बिना जमानत के लोन देना, गैर-टैरिफ नियमों (जैसे तकनीकी अड़चनें) को आसान बनाना, 'ब्रांड इंडिया' को दुनिया में मजबूत बनाना और हर जिले को एक निर्यात केंद्र बनाना है।

विश्व में चमकेगा ब्रांड इंडिया

सरकार चाहती है कि एमएसएमई (छोटे और मझोले उद्यम) अपने सामान को दुनिया में बेच सकें। इसके लिए उन्हें बिना किसी बड़ी जमानत के लोन मिल सकेगा, ताकि वे व्यापार बढ़ा सकें।यह योजना तीन मंत्रालयों वाणिज्य मंत्रालय, एमएसएमई मंत्रालय और वित्त मंत्रालय की साझेदारी में बनाई जा रही है। एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक यह योजना अमेरिका ही नहीं, बल्कि सभी देशों में भारतीय निर्यात को बढ़ाएगी। अगस्त में इसकी तैयारी पूरी कर ली जाएगी और सितंबर से यह लागू होगी।

जैसे जापान, कोरिया और स्विट्जरलैंड की पहचान उनके हाई-क्वालिटी प्रोडक्ट्स के लिए होती है, भारत भी चाहता है कि 'ब्रांड इंडिया' को वैसी ही पहचान मिले। एफआईईओ के महानिदेशक अजय सहाय ने कहा कि अगर इतनी बड़ी राशि सही तरीके से इस्तेमाल होती है, तो यह देश के निर्यातकों के लिए बहुत फायदेमंद होगा।अमेरिका ने ऐलान किया है कि 7 अगस्त से भारत से जाने वाले सभी सामानों पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगेगा। इससे भारत के करीब 85 अरब डॉलर के सालाना निर्यात का आधा हिस्सा प्रभावित हो सकता है। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रूथ सोशल' पर लिखा- 'भारत रूस से भारी मात्रा में तेल खरीद रहा है और मुनाफा कमा रहा है, जबकि रूस यूक्रेन में लोगों को मार रहा है। इसलिए अब भारत पर और ज्यादा टैरिफ लगेगा।' भारत ने साफ कहा कि वह अपने आर्थिक हितों की रक्षा करेगा और यह भी बताया कि अमेरिका और यूरोप खुद भी रूस से तेल खरीद रहे हैं। भारत ने ट्रंप के आरोपों को दोगलापन करार दिया है।

अदालत में जस्टिस यशवंत वर्मा की अपील खारिज 'जली नकदी' मामले में जांच को दी थी चुनौती

नई दिल्ली, 7 अगस्त (न्यूज चैनल)। जस्टिस यशवंत वर्मा की याचिका सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी है। जली हुई नकदी बरामद होने के मामले में जांच प्रक्रिया को चुनौती देने वाली याचिका खारिज करते हुए शीर्ष अदालत की पीठ जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस एजी मसीह ने कहा कि न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा का आचरण विश्वास पैदा नहीं करता, इसलिए उनकी याचिका पर विचार नहीं किया जाना चाहिए। इस अहम फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने ये भी माना कि तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने इस मामले में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जो पत्र भेजा, वह असंवैधानिक नहीं था।

मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस यशवंत वर्मा ने आंतरिक जांच पैनल की उस रिपोर्ट को अमान्य ठहराने के लिए सर्वोच्च न्यायालय का रुख किया था, जिसमें उन्हें नकदी बरामदगी मामले में दोषी पाया गया था। जस्टिस वर्मा ने सुप्रीम कोर्ट में दलील दी थी कि जांच समिति की रिपोर्ट और उसे राष्ट्रपति-प्रधानमंत्री को भेजना असंवैधानिक है। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इस दलील को ठुकरा दिया। बता दें कि ये पूरा मामला उस समय सामने आया जब न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के आवास से नकद राशि मिलने की बात सामने आई थी। इसके बाद तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) ने एक इन-हाउस जांच समिति बनाई थी। इस समिति ने जांच के बाद जस्टिस वर्मा को दोषी पाया और उनकी रिपोर्ट राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को भेजी गई, ताकि उनके खिलाफ कार्रवाई हो सके। मामले में कोर्ट ने कहा कि कि इन-हाउस जांच प्रक्रिया पूरी तरह नियमों के अनुसार हुई। समिति की रिपोर्ट को राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को भेजना संविधान के खिलाफ नहीं है। पीठ ने ये भी कहा कि मुख्य न्यायाधीश सिर्फ नाम का पद नहीं होता, उनके पास देश और न्यायपालिका के लिए जिम्मेदारियां होती हैं। वे केवल एक पोस्ट ऑफिस की तरह काम नहीं कर सकते। सुप्रीम कोर्ट ने मामले में दो टूक कहा कि जस्टिस वर्मा का व्यवहार न्यायपालिका की गरिमा के अनुरूप नहीं है।